दिनांक 24.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव एवं निगम आयुक्त सुंदरानी के निर्देश पर चिन्हित वार्डों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजन

भिलाईनगर/निगम क्षेत्रान्तर्गत दो संभावित डेंगू मरीज श्यामबाई पति सुन्दर लाल सिन्हा उम्र 45 निवासी यादव किराना स्टोर्स के पास, कुम्हारपारा जे0पी0 नगर वार्ड–23 को बार–बार बुखार आने से 22 जनवरी को जिला चिकित्सालय दुर्ग में भर्ती किया गया है, जहां उपचार जारी है। चिन्टू गुप्ता पिता विनय गुप्ता उम्र 19 वर्ष निवासी राजधानी किराना के पीछे वार्ड–21 गुरुद्वारा के पास 22 जनवरी को लालबहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती हुआ अभी उपचार जारी है।

23 जनवरी को उपरोक्त दोनों प्रभावित परिवार के निवास के 300 मीटर परिधि क्षेत्र में घर–घर संपर्क कर अन्य संहेदास्पद मरीजों की जानकारी ली गई कोई संभावित डेंगू मरीज नहीं मिला। क्षेत्र में कूलर, टायर, टुकी, बर्तन, गमले इत्यादि जांचकर सफाई कराई गई। वार्ड 23 कुम्हारपारा जे0पी0 नगर 305 घरों एवं वार्ड 21 सुन्दर नगर में 345 घरों में संपर्क कर जन जागरुकता हेतु क्रमशः 230 एवं 350 कुल 580 स्वाईन फ्लू/डेंगू से बचाव/सुरक्षा संबंधी पाम्पलेट का वितरण किया गया। नालियों के जमाव पानी एवं गन्दे स्थानों पर 5 स्प्रेयर पम्प द्वारा 2000 एम.एल. मैलाथियान के घोल का छिड़काव करवाया गया।

निगम के विशेष स्वास्थ्य शिविर दल द्वारा प्रभावित वार्ड/मोहल्लों में चलित एम्बुलेंस के माध्यम से शिविर लगाकर शिविर में आये 89 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें दस्त–03, उल्टी–01, बुखार–05, अन्य–80) रोग निरोधक दवाईयां दी गई। बुखार से प्रभावित पांचो मरीजों का रक्त पट्टिका तैयार कर खुन जांच हेतु लैब भेजा गया। 06 ओ.आर.एस. का पैकेट वितरण किया गया।

उपरोक्त सम्पूर्ण सर्वेक्षण कार्य में शिविर प्रभारी के0के0 सिंह, श.प.क. केन्द्र सुपेला से विजय सेजुले, जिला मलेरिया विभाग से एम0के0 जार्ज, मोहनराव, राजकुमार मर्सकोले, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के भिलाई शहरी कार्यालय प्रबंधक तुसार वर्मा, वार्ड ए.एन.एम. मीना साहू, मितानिन शकुन सिन्हा, आंगनबाड़ी सहायिका सलमा बानो संयुक्त रुप से समन्वय स्थापित कर कार्य को संपादित किया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी